मध्य प्रदेश आइजा के अध्यक्ष बने डॉ. प्रदीप बाफना

मुंबई में राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया ने की घोषणा



राणापुर गुरु महेश जैन मुंबई। ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन (आइजा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया ने डॉ. प्रदीप बाफना को मध्य प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया है। मुंबई में हुई घोषणा के दौरान उन्होंने कहा कि डॉ. बाफना ने मध्य प्रदेश में एक साथ 450 पत्रकारों को जोड़कर संगठन को मजबूती प्रदान की है। उन्हें पुनः संगठन की कमान सौंपते हुए समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई।

राष्ट्रीय अध्यक्ष हुंडिया ने कहा कि आइजा जैन समाज में जागरूकता लाने के साथ धर्म में व्याप्त शिथिलाचार और आडंबर के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने डॉ. बाफना से शीघ्र नई प्रदेश कार्यकारिणी गठित कर संगठन को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजीव सैनानी के कार्यों की भी सराहना की।

उन्होंने बताया कि डॉ. प्रदीप बाफना के नेतृत्व में मांडवगढ़ तथा राजीव सैनानी के नेतृत्व में पूज्य सुधासागर जी महाराज के सान्निध्य में अशोकनगर में आयोजित आइजा के राष्ट्रीय सम्मेलन ऐतिहासिक रहे। संगठन आगे भी समाज को जागरूक करने के लिए मिलकर कार्य करेगा।

डॉ. प्रदीप बाफना ने जताया आभार

नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रदीप बाफना ने राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने विश्वास जताकर पुनः संगठन की जिम्मेदारी सौंपी है। वे आइजा के माध्यम से समाजहित में कार्य करने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने जल्द ही मध्य प्रदेश की नई प्रदेश कार्यकारिणी घोषित कर संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने की बात कही।

भद्रकाली माता मंदिर में परशुराम सेना महिला मंडल ने की महाआरती



अध्यक्ष वर्षा मेहता का जन्मदिन मनाया, 15 अक्टूबर को शस्त्र पूजन में शामिल होने का आह्वान



नागदा जं. निप्र। नवरात्रि की द्वितीया पर सोमवार रात चंबल मार्ग स्थित मां भद्रकाली शक्ति पीठ पर श्री राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी महिला मंडल के तत्वावधान में भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। शंखध्वनि के साथ प्रारंभ हुई महाआरती में ढोल-ताशों की गूंज और माता के जयकारों से मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। नवरात्र में माता का विशेष श्रृंगार तथा मंदिर परिसर में आकर्षक विद्युत सज्जा की गई।

माता को भोग अर्पित कर बांटी प्रसादी

महाआरती के दौरान महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती वर्षा मेहता का जन्मदिन भी उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर माता का केक माता को अर्पित कर भोग लगाया गया। इसके बाद केक काटकर वर्षा मेहता का जन्मदिन मनाया गया। महिला मंडल की सदस्याओं एवं स्नेहीजनों ने पुष्पमाला पहनाकर उनका स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं। महिला मंडल की ओर से माता के केक एवं केले की प्रसादी श्रद्धालुओं में वितरित की गई।

शस्त्र पूजन में शामिल होने का आह्वान

इस अवसर पर सकल हिंदू समाज की ओर से बजरंग चौहान ने नगरवासियों से 15 अक्टूबर को दोपहर 2 से 4 बजे तक माहेश्वरी धर्मशाला में आयोजित होने वाले शस्त्र पूजन कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया।

ये रहे उपस्थित

आयोजन में सहस्त्रश्र औदीच्य ब्राह्मण समाज महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा पंड्या, सुचित्रा शर्मा, ममता शर्मा, प्रीति कौशिक, राधा पांचाल, उर्वशी राठौर, आशा कदम, पं. भुवनेश्वर शर्मा, पं. अनिल शर्मा, पं. दीपक पंड्या, सत्यनारायण जोशी, नागदा व्यापारी संघ के अध्यक्ष एवं श्याम परिवार के संयोजक पंकज नामदेव, बजरंग चौहान, प्रमोद चौहान, यशवंत दुबे, कृष्णकांत गुप्ता, हिमांशु शर्मा, श्री राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के उज्जैन जिला संयोजक निलेश मेहता, पत्रकार बंटी जटिया, पत्रकार उमाशंकर परमार, अर्जुन राजोरिया, जीवनलाल जैन, सुनील उपाध्याय सहित महिला मंडल की सदस्याएं, श्रद्धालु एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। श्री सी जी मोहन, प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक चौहान आदि ने भी दुपट्टा पहनाकर का स्वागत किया।

खरगोन पुलिस की नशे के सौदागरों पर लगातार कार्यवाही जारी

सनावद पुलिस ने ब्राउन शुगर तस्कर को किया गिरफ्तार, 20.060 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद

सनावद(विजय गुप्ता) पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इंदौर (ग्रामीण) श्री अनुराग एवं पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन सुश्री सिमाला प्रसाद के द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करी करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही कर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था ।

उक्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री रविन्द्र वर्मा के निर्देशन, अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन (ग्रामीण) श्रीमति शकुन्तला रहल के मार्गदर्शन जिला खरगोन के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व समस्त थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । इसी तारतम्य में अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर तस्करी की सूचना प्राप्त होने पर थाना सनावद पर तस्करी करने वाले 02 आरोपियों के विरुद्ध NDPS की धारा में कार्यवाही की गई है ।

घटना का संक्षिप्त विवरण

थाना प्रभारी सनावद जनि धर्मेन्द्र यादव के निर्देशन में थाना सनावद की पुलिस टीम के द्वारा कस्बा सनावद एवं आसपास के क्षेत्रों में लॉज, ढाबों की चेकिंग और वाहन चेकिंग की जा रही थी ।

इसी दौरान न्यू इंदौर-इच्छापुर खंडवा रोड स्थित प्रतीक्षालय के पास वाहन चेकिंग के दौरान बड़वाह की ओर से आ रही एक पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति पुलिस को देखकर मोटरसाइकिल वापस मोड़ने का प्रयास करने लगे, जिनकी गतिविधियां संदिग्ध लगने से पुलिस टीम के द्वारा तत्काल दोनों को घेराबंदी कर रोका ।



रोके गए दोनों व्यक्तियों से उनका नाम पता पूछने पर उन्होंने अपने नाम सुनील निवासी तवड़ीपुरा, सनावद एवं दुसरे ने अपना नाम अरुण निवासी सब्जी मंडी के पास सनावद का होना बताया ।

पुलिस टीम के द्वारा उससे भागने का कारण पूछने पर उसने पुलिस टीम को कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया । पुलिस टीम के द्वारा सुनील एवं अरुण की तलाशी लेने पर उनके पास से प्लास्टिक की पारदर्शी थैली में भूरे रंग का पावडर मिला जिसके संबंध में दोनों संदेहीयों से पूछने पर उन्होंने उक्त पाउडर ब्राउन शुगर होना बताया ।

पुलिस टीम ने मौके पर आरोपी सुनील निवासी तवड़ीपुरा सनावद एवं अरुण निवासी सब्जी मंडी के पास सनावद के कब्जे से 20.060 ग्राम ब्राउन शुगर कीमती लगभग 2,06,000/- रुपये को नियमानुसार विधिवत जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध थाना सनावद पर अपराध क्रमांक 443/26 धारा 8/21 एन.डी.पी.एस. एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है।

थाना सनावद पर किया गया हल्फ्क्क की धारा में प्रकरण दर्ज

पुलिस ने किया 02 आरोपी को किया गिरफ्तार

पुलिस ने आरोपी से जप्त की 20.060 ग्राम ब्राउन शुगर जिसका कीमती लगभग 2,06,000/- रुपये

आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के परिवहन में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल कीमती लगभग 1,00,000/- रुपये की को भी किया जप्त

पुलिस के द्वारा आरोपी अरुण एवं सुनील से अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर की तस्करी के नेटवर्क एवं सप्लायर के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है । जिले में मादक पदार्थों के अवैध व्यापार में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर एवं निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी ।

गिरफ्तारशुदा आरोपी का नाम

1. अरुण पिता संतोष योगी उम्र 37 साल निवासी सब्जी मंडी के पास खरगोन रोड सनावद जिला खरगोन
2. सुनील पिता संतोष कौशल उम्र 35 साल निवासी भवानी गली तवड़ीपुरा सनावद जिला खरगोन

पुलिस टीम का रहा योगदान -

उक्त की गई कार्यवाही में एसडीओपी बड़वाह श्री मुकेश इंगारदार के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी सनावद उनि. धर्मेन्द्र यादव के नेतृत्व में उनि.सुरेन्द्र पवार, उनि. करणसिंह डावर, सउनि संदीप कुशवाह, सउनि राजेश दिनकर, प्र.आर. 940 रविन्द्र चौहान, प्र.आर. 746 राजेश जायसवाल, प्र.आर. 559 विनोद गौड़, आर. 850 राजीव, 103 कृष्णा, आर 374 कुंदन पाटीदार, आर.87 योगेश शर्मा एवं थाना सनावद के अन्य स्टाफ का विशेष योगदान रहा ।

नर्मदा परियोजना पर घमासान

सज्जन वर्मा की खरी-खरी, बोले–कमलनाथ ने किया था भूमिपूजन, भाजपा विधायक बना रहे रील!

सोनकच्छ। नर्मदा-कालीसिंध लिंक परियोजना को लेकर सोनकच्छ में सियासी घमासान तेज हो गया है। तालोद स्थित पंप हाउस का निरीक्षण करने पहुंचे विधायक डॉ. राजेश सोनकर पर पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने तीखा तंज कसते हुए कहा कि परियोजना का भूमिपूजन तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ ने किया था, जबकि अब भाजपा विधायक निरीक्षण कर रील बना रहे हैं। वर्मा ने सवाल उठाया कि जब क्षेत्र के किसान सूखे और सिंचाई के संकट से जूझ रहे हैं, तब सबसे बड़ी जरूरत किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने की है। वर्मा ने कहा कि यदि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होती तो सूखे के इस साल में परियोजना के उद्घाटन की जरूरत ही नहीं पड़ती। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में परियोजना को आगे बढ़ाया जाता, ताकि किसानों को जरूरत के समय पानी मिल सके। कांग्रेस नेता मनोज राजानी और महेंद्र सिंह तालोद ने भी परियोजना का भूमिपूजन कमलनाथ



सरकार के कार्यकाल में होने की बात कही। कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर वर्ष 2020 में कांग्रेस विधायकों को अपने पक्ष में कर कमलनाथ सरकार गिराने का आरोप भी लगाया। उनका कहना है कि परियोजना के श्रेय को लेकर बयानबाजी करने के बजाय यह बताया जाना चाहिए कि किसानों को सिंचाई के लिए पानी कब मिलेगा। ये आरोप और दावे कांग्रेस नेताओं की ओर से लगाए गए हैं।

सूखा, बिजली कटौती और खाद संकट पर कांग्रेस का पैदल मार्च–नर्मदा परियोजना पर सवाल उठाने के साथ कांग्रेस ने किसानों की अन्य समस्याओं को लेकर भी मोर्चा खोला। पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सांवेर खेड़ापति सरकार के दर्शन-पूजन के बाद पैदल मार्च निकाला और मंडी कार्यालय पहुंचकर एसडीएम आनंद मालवीय को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सोनकच्छ विधानसभा क्षेत्र को सूखाग्रस्त घोषित करने, किसानों को उचित

सूखे से जूझते किसानों के मुद्दे पर कांग्रेस का पैदल मार्च, सोनकच्छ को सूखाग्रस्त घोषित करने से लेकर बिजली कटौती और खाद संकट तक पर सरकार को घेरा

मुआवजा और राहत देने, नर्मदा पाइपलाइन के माध्यम से तालाबों एवं नदियों तक पानी पहुंचाने तथा रबी फसलों के लिए पर्याप्त सिंचाई जल उपलब्ध कराने की मांग की गई।

इसके साथ ही लोड मैनेजमेंट के नाम पर बार-बार की जा रही बिजली कटौती बंद करने और ई-टोकन खाद व्यवस्था की परेशानियां दूर कर किसानों को समय पर पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई गई। जनपद पंचायत अध्यक्ष सूरज सिंह ठाकुर और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सौदान सिंह पंवार ओड सहित कांग्रेस नेताओं ने किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

डॉ. शिवानी अनुराग जैन का असम राइफल्स में चयन, नागालैंड में देंगी चिकित्सा सेवाएँ



सनावद(विजय गुप्ता) बहुमुखी प्रतिभा की धनी डॉ. शिवानी अनुराग जैन का असम राइफल्स की ओर से नागालैंडवासियों को चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करने के लिए चयन हुआ है। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार, बल्कि समस्त समाज के लिए गौरव और प्रेरणा का विषय है। डॉ. शिवानी अंतरराष्ट्रीय दिगंबर जैन पोरवाड़ सामाजिक मंच की चिकित्सा संयोजक एवं मुख्य शिक्षा प्रभारी डॉ. मंजुला इंद्रकुमार जैन (नासिक) की बहू हैं। उन्होंने चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी सेवाओं के साथ अब देशसेवा के पथ पर भी महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। नागालैंड में लोगों को चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने की यह जिम्मेदारी उनके सेवा-भाव, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा को दर्शाती है। वर्तमान में वे म्यांमार बॉर्डर पर रहकर अपनी सेवाएँ प्रदान कर रही हैं। जैसा कि ज्ञात हो, डॉ. शिवानी एक बेहतर ट्रेकर भी हैं और दो वर्ष पूर्व एवरेस्ट के बेस कैंप तक जा चुकी हैं। डॉ. शिवानी का यह चयन समाज के लिए एक प्रेरणादायक संदेश है कि अपनी प्रतिभा और योग्यता के माध्यम से मानवता की सेवा के साथ राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का भी निर्वहन किया जा सकता है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर अंतरराष्ट्रीय दिगंबर जैन पोरवाड़ सामाजिक मंच परिवार ने डॉ. शिवानी अनुराग जैन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए उनके सफल कार्यकाल की मंगलकामना की है। मंच परिवार ने विश्वास व्यक्त किया कि वे अपनी चिकित्सा सेवाओं से नागालैंडवासियों के स्वास्थ्य और जीवन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। इस अवसर पर दिगंबर जैन पोरवाड़ समाज के अध्यक्ष एवं समस्त सदस्यों ने भी डॉ. शिवानी को बधाई प्रेषित की।

हिरई माता के नाम पर पड़ा हिरापुर गांव का नाम

800 साल पुरानी आस्था आज भी कायम

सनावद(विजय गुप्ता) आस्था की जड़ें गहरी हों, विरासत पर गर्व हो और विकास के लिए ग्रामीण एकजुट हों, तो गांव की पहचान पीढ़ियों तक कायम रहती है। कुछ ऐसी ही कहानी है सनावद से करीब 15 किलोमीटर दूर सनावद भीकनगांव मार्ग पर बसे हिरापुर गांव की। करीब 800 साल पुराना बताया जाने वाला यह गांव प्राचीन हिरई माता मंदिर, ऐतिहासिक पाषाण प्रतिमाओं, तालाब की प्राकृतिक सुंदरता और ग्रामीणों की अटूट श्रद्धा के लिए जाना जाता है।

ग्रामीणों के अनुसार हिरई माता के नाम पर ही गांव का नाम हिरापुर पड़ा। आज यह गांव अपनी धार्मिक विरासत को संजोने के साथ शिक्षा, कृषि और विकास की राह पर भी आगे बढ़ रहा है हिरापुर की सबसे खास पहचान यहां स्थित प्राचीन हिरई माता मंदिर है। तालाब किनारे प्राकृतिक वातावरण में बना मंदिर श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करता है। मंदिर के पीछे फैला विशाल तालाब इसकी सुंदरता को और बढ़ाता है। ग्रामीणों के अनुसार क्षत्रिय पंवार वंशीय शासकों ने 11वीं शताब्दी में मंदिर का निर्माण कराया था। हालांकि मंदिर के निर्माण काल और इतिहास का प्रमाणिक निर्धारण ऐतिहासिक अभिलेखों से किया जाना आवश्यक है।निमाड़ क्षेत्र में पंवार, राजपूत सहित कई समाज हिरई माता को अपनी कुलदेवी के रूप में पूजते हैं। मंदिर परिसर में प्राचीन पाषाण प्रतिमाएं और ऐतिहासिक अवशेष मौजूद हैं। गर्भगृह में हिरई माता के साथ भगवान शिव का मंदिर है, वहीं परिसर में भगवान गणेश, विष्णु, दुर्गा माता, राम-सीता और हनुमानजी सहित अनेक देवी-देवताओं की प्रतिमाएं हैं। यहां चौसठ योगिनियों के वास की



मान्यता भी प्रचलित है।समाजसेवी गुरुदयाल सेजगायां ने बताया कि हिरई माता के प्रति श्रद्धालुओं की गहरी आस्था है। भक्त सच्चे मन से माता की आराधना कर अपनी मनोकामनाएं लेकर पहुंचते हैं। निःसंतान दंपतियों की मनोकामना पूरी होने की मान्यता के चलते भी कई श्रद्धालु मंदिर में दर्शन करने आते हैं। ग्रामीणों का विश्वास है कि माता की कृपा और आशीर्वाद से गांव निरंतर उन्नति कर रहा है।

3200 से अधिक आबादी, 800 घर और खेती-किसानी मुख्य आधार–सरपंच कमलेश भाडडीया के अनुसार हिरापुर की आबादी 3200 से अधिक है और गांव में करीब 800 घर हैं। विभिन्न समाजों के लोग यहां आपसी सहयोग और भाईचारे के साथ रहते हैं।

गांव की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि, पशुपालन और दुग्ध उत्पादन पर आधारित है।कपास, मिर्च, गेहूं और चना यहां की प्रमुख फसलें हैं। किसान अपनी खेती के लिए कुओं और तालाब पर निर्भर रहते हैं। अच्छी बारिश होने पर तालाब में पर्याप्त पानी भरने से किसानों को सिंचाई में राहत मिलती है। खेती के साथ पशुपालन और दूध उत्पादन भी ग्रामीण परिवारों की आजीविका का महत्वपूर्ण साधन है।

कभी शिक्षा में पिछड़ा था गांव, अब बदल रही तस्वीर–हिरापुर की कहानी सिर्फ धार्मिक आस्था और पुरानी विरासत तक सीमित नहीं है। गांव ने शिक्षा के क्षेत्र में भी बदलाव का दौर देखा है। ग्रामीणों के अनुसार करीब 20 वर्ष पहले तक गांव में शिक्षा के प्रति जागरूकता कम थी और आगे की पढ़ाई के लिए विद्यार्थियों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।

ग्रामीणों के लगातार प्रयासों और शिक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता से स्थिति में सुधार आया है। गांव में प्राथमिक, माध्यमिक और हाईस्कूल स्तर तक शिक्षा की सुविधा उपलब्ध है। ग्रामीणों के अनुसार शिक्षा का स्तर अब 70 प्रतिशत से अधिक बताया जाता है। विद्यालय परिसर के आसपास ग्राम पंचायत द्वारा बाउंड्रीवॉल का निर्माण भी कराया गया है। इसके साथ ही गांव में पशु चिकित्सा केंद्र की सुविधा उपलब्ध होने से पशुपालकों को भी सहायता मिलती है।

सीसी रोड से गणगौर घाट तक, पंचायत के विकास कार्य–गांव में धार्मिक परंपराओं को बनाए रखने के साथ मूलभूत सुविधाओं के विस्तार पर भी ध्यान दिया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा गलियों में सीसी रोड, गणगौर घाट और स्कूल की बाउंड्रीवॉल सहित विभिन्न विकास कार्य कराए गए हैं। इन कार्यों से ग्रामीणों को सुविधा मिल रही है और गांव की तस्वीर में धीरे-धीरे बदलाव दिखाई दे रहा है।ग्रामीणों की अपेक्षा है कि आने वाले समय में सड़क, शिक्षा, पेयजल, धार्मिक स्थलों और अन्य सार्वजनिक सुविधाओं का विकास जारी रहे, ताकि हिरापुर अपनी ऐतिहासिक पहचान के साथ बेहतर सुविधाओं वाला गांव बन सके।